Rapid Fire करेंट अफेयर्स (15 October)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-october-15

1. जल्द शुरू होगा भारत का 'नाविक'

- स्मार्टफोन पर रास्ता या भौगोलिक स्थिति (Location-लोकेशन) ढूँढने के लिये अमेरिका के ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS) की जगह पर इस साल के अंत से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, **इसरो** द्वारा विकसित **'नाविक'** का इस्तेमाल किया जा सकेगा।
- मोबाइल तथा अन्य दूरसंचार उपकरणों के लिये चिपसेट बनाने वाली अमेरिकी कंपनी क्वॉलकॉम ने भौगोलिक स्थिति तथा मापन के लिये इसरो के **नेविगेशन विद इंडियन कॉन्सटेलेशन (नाविक)** सिस्टम का परीक्षण पूरा कर लिया है।
- 'नाविक' इसरो द्वारा स्थापित उपग्रहों के तंत्र पर काम करता है जिसे भारतीय उपमहाद्वीप में GPS के विकल्प के रूप में विकसित किया गया है।
- क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन प्लेटफॉर्म पर 'नाविक' का पहला प्रदर्शन राजधानी के एयरोसिटी में तीन दिवसीय भारतीय मोबाइल कांग्रेस के दौरान किया गया।
- क्वालकॉम ने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के साथ मिलकर अपना नया चिपसेट प्लेटफॉर्म विकसित किया है।
- 'नाविक' के इस्तेमाल के लिये इसरो से प्रौद्योगिकी खरीदने वाली क्वालकॉम पहली बड़ी चिपसेट कंपनी है।
- इससे भारतीय उपमहाद्वीप में 'नाविक' के प्रसार, भौगोलिक स्थिति के मापन को बेहतर बनाने तथा ऑटोमोटिव और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) से जुड़े समाधान ढूँढने में मदद मिलेगी।

2. एस.एस. मल्लिकार्जुन राव

- वित्तीय सेवा विभाग के एस.एस. मल्लिकार्जुन राव को पंजाब नेशनल बैंक का प्रबंध निदेशक (Managing Director-MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (Chief Executive Officer-CEO) नियुक्त किया गया है।
- इससे पहले वह इलाहाबाद बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। इस नए पद पर उनका कार्यकाल 18 सितंबर, 2021 तक का होगा।

गौरतलब है कि यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (UBI), पंजाब नेशनल बैंक (PNB) और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (OBC) की विलय की गई इकाइयाँ 1 अप्रैल 2020 से कार्य शुरू करेंगी। संभव है कि इसे कोई नया नाम दिया जाए।

3. अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार

- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस ने वर्ष 2019 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के लिये भारतीय मूल के अभिजीत बनर्जी, फ्रांस-अमेरिका मूल की एस्थर डुफ्लो और माइकल क्रेमर को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया है।
- इन तीनों को यह पुरस्कार वैश्विकी गरीबी को कम करने के लिये किये गए उपायों के लिये दिया गया है।
- गौरतलब है कि अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो पति-पत्नी हैं, एस्थर डुफ्लो अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जीतने वाली सबसे युवा (46 वर्षीय) विजेता हैं।
- नोबेल पुरस्कार की 9 मिलियन डॉलर की राशि तीनों अर्थशास्त्रियों के बीच बराबर-बराबर बाँटी जाएगी

कौन है अभिजीत बनर्जी?

- अभिजीत बनर्जी का जन्म भारत के कोलकाता में 21 फरवरी, 1961 को हुआ था। फिलहाल वह एक अमेरिकी नागरिक हैं।
- अभिजित बनर्जी ने **जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी (JNU)** से अर्थशास्त्र में MA की पढ़ाई पूरी की है। इसके बाद वह आगे की पढ़ाई के लिये अमेरिका चले गए थे।
- अभिजीत बनर्जी **अब्दुल लतीफ जमील पॉवर्टी एक्शन लैब** के सह-संस्थापक हैं। इसके अलावा वह **कंसोर्टियम ऑन फाइनेंशियल सिस्टमस एंड पॉवर्टी** के भी सदस्य हैं।